JSUNIL TUTORIAL Submited by Visitor

X- N.

JSINIL TUTORIAL

# M.E.S. INDIAN SCHOOL, DOHA – QATAR

**SD4NM2P**

## संकलित परीक्षा – I (2015-16)
## हिन्दी 'ब'
## कक्षा – X

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड हैं – क, ख, ग और घ।**

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

### खण्ड-क

**( अपठित बोध )**

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :** 12

ज़ाकिर साहब से मिलने के लिए समय प्राप्त करने में देर नहीं लगती थी। एक बार मेरी एक सहेली ऑस्ट्रेलिया से भारत की यात्रा करने आई। अपने देश में वे भारतीयों की शिक्षा के लिए धन एकत्र किया करती थीं। एक भारतीय बच्चे को उन्होंने गोद भी ले लिया था। ज़ाकिर साहब ने तुरंत उनसे मिलने के लिए समय दिया और देर तक बैठे उनसे उनके कार्य, उनकी भारत यात्रा के बारे में सुनते रहे। हिंदी सीखने के बारे में एक बार जब उनसे प्रश्न किया गया तो उन्होंने कहा, "मेरे परिवार के एक बच्चे ने जब गांधी जी से ऑटोग्राफ़ माँगा तो उन्होंने अपने हस्ताक्षर उर्दू में किए, उसी दिन से मैंने अपने मन में निश्चय कर लिया कि हिंदी भाषियों को अपने हस्ताक्षर हिंदी में ही दिया करूँगा।"

एक बार रामलीला में जनता ने उनसे रामचंद्र जी का तिलक करने के लिए कहा। ज़ाकिर साहब खुशी से आए और तिलक किया। इस पर कुछ उर्दू अखबारों ने एतराज़ किया। ज़ाकिर साहब ने जवाब दिया, "इन नादानों को मालूम नहीं है कि मैं भारत का राष्ट्रपति हूँ। किसी खास धर्म का नहीं।"

ज़ाकिर साहब राष्ट्रपति भवन में सादगी और विनम्रता के साथ कला-प्रियता को भी ले आए थे। उनकी आँखों में ब्रिटेन के अभिमान के अवशेष शीशे के टुकड़ों के समान खटके। उन्होंने मुगल उद्यान को न केवल सुरक्षित रखा अपितु अपने व्यक्तित्व के वैभव से उसकी वृद्धि भी की। उनके समय में राष्ट्रपति-भवन के बगीचों में 400 किस्म के नए गुलाब लगाए।

(क) यह गद्यांश किसके बारे में है? वह भारत के किस महत्वपूर्ण पद पर थे?



www.jsuniltutorial.weebly.com/

(ख) ज़ाकिर साहब ने लेखिका की सहेली को मिलने का समय शीघ्र ही क्यों दे दिया?

(ग) ज़ाकिर साहब को हिन्दी में हस्ताक्षर करने की प्रेरणा क्यों मिली?

(घ) उर्दू अखबारों ने रामलीला में ज़ाकिर साहब के तिलक करने पर एतराज़ क्यों किया? उन्हें ज़ाकिर ने क्या कहा?

(ङ) ज़ाकिर साहब ने अपने राष्ट्रपति काल में राष्ट्रपति भवन में क्या परिवर्तन कराए?

(च) गद्यांश के आधार पर ज़ाकिर साहब के स्वभाव की दो विशेषताएँ लिखिए।

2 **निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए—** 8

इतना कुछ है भरा विभव का कोष प्रकृति के भीतर
निज इच्छित सुख-भोग सहज ही पा सकते नारी-नर।
सब हो सकते तुष्ट, एक-सा सब सुख पा सकते हैं
चाहे तो पल में धरती को स्वर्ग बना सकते हैं।
छिपा दिए सब तत्त्व आवरण के नीचे ईश्वर ने
संघर्षों ने खोज निकाला उन्हें उद्यमी नर ने।
ब्रह्मा से कुछ लिखा भाग्य में मनुज नहीं लाया है
अपना सुख उसने अपने भुजबल से ही पाया है।

प्रकृति नहीं डर कर झुकती है कभी भाग्य के बल से
सदा हारता है वह मनुष्य के उद्यम से श्रम जल से।
भाग्यवाद आवरण पाप का और अस्त्र शोषण का
जिससे रखता दबा एक जन भाग दूसरे जन का।
एक मनुज संचित करता है अर्थ पाप के बल से



www.jsuniltutorial.weebly.com/

और भोगता उसे दूसरा भाग्यवाद के छल से।

नर-समाज का भाग्य एक है वह श्रम, वह भुजबल है

जिसके सम्मुख झुकी हुई पृथ्वी, विनीत नभ तल है।

(i) ईश्वर के द्वारा प्रकृति के भीतर छिपाया खज़ाना क्या है?

(ii) ईश्वर के छिपाए क्रोष को मनुष्य कैसे प्राप्त कर सकता है? इसमें भाग्य की क्या सहायता मिलती है?

(iii) भाग्यवाद और शोषण को कवि ने कैसे समझाया है?

(iv) कवि के अनुसार मानव समाज का भाग्य क्या है? उसकी क्या शक्ति है?

## खण्ड-ख

### (व्यावहारिक व्याकरण)

3 निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए- 3

(क) पिता जी की इच्छा के कारण मुझे छात्रावास में जाना पड़ा।

(संयुक्त वाक्य में)

(ख) वह लड़का गाँव जाकर बीमार हो गया।

(मिश्र वाक्य में)

(ग) जैसे ही वह स्टेशन पहुँचा, त्यों ही गाड़ी चल दी।

(सरल वाक्य में)

4 नीचे लिखे वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखें। 4

(1) वह ने खाना खा लिया।

(2) एक फूलों की माला लाओ।

(3) कुछ जगहों में अशुद्धियां पड़ी हैं।



www.jsuniltutorial.weebly.com/

(4) मेले मे बच्चा खो गई।

5 (क) समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए। 4

रेखांकित, यथाविवेक

(ख) समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए।

चंद्रमा की कला, नीला है जो नभ

6 (क) 'विद्यालय' पद है या शब्द? 2

(ख) छात्रों को अवकाश अच्छा लगता है। (रेखांकित पद है या शब्द)

7 निम्नलिखित मुहावरों को वाक्यों मे प्रयुक्त कीजिए : 2

(क) बाएँ हाथ का खेल होना।

(ख) नमक मिर्च मिलाना।

## खण्ड-ग

## (पाठ्य-पुस्तक)

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** (2+2+1)

8(i) 26 जनवरी 1931 के दिन कोलकाता में मार्गों की क्या स्थिति हो गई थी? बताइए। 2

(ii) युवती ने तताँरा को बेरुखी के साथ क्या जबाब दिया? उससे तताँरा को कैसा लगा? 2

(iii) राजकपूर द्वारा निर्देशित कुछ फिल्मों के नाम लिखिए? 1



www.jsuniltutorial.weebly.com/

9 'बड़े भाई साहब' कहानी में छोटा भाई पढ़ाई में कम और खेल में अधिक समय देकर भी कक्षा में प्रथम आता रहा। क्या विद्यार्थियों को ऐसा ही करना चाहिए? अपने विचार समझाकर लिखिए। 5

10 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(2+2+1)** 5

हमारी फ़िल्मों की सबसे बड़ी कमज़ोरी होती है, लोक-तत्व का अभाव। वे ज़िंदगी से दूर होती है। यदि त्रासद स्थितियों का चित्रांकन होता है तो उन्हें ग्लोरीफ़ाई किया जाता है। दुख का ऐसा वीभत्स रूप प्रस्तुत होता है जो दर्शकों का भावनात्मक शोषण कर सके। और 'तीसरी कसम' की यह खास बात थी कि वह दुख को भी सहज स्थिति में, जीवन-सापेक्ष प्रस्तुत करती है।

मैंने शैलेंद्र को गीतकार नहीं, कवि कहा है। वे सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए यश और धन-लिप्सा से कोसो दूर थे। जो बात उनकी ज़िंदगी में थी वही उनके गीतों में भी। उनके गीतों में सिर्फ करुणा नहीं, जूझने का संकेत भी था और वह प्रक्रिया भी मौजूद थी जिसके तहत अपनी मंज़िल तक पहुँचा जाता है। व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।

(1) हमारी फिल्में ज़िदगी से दूर क्यों होती है ?

(2) शैलेन्द्र के गीतों की क्या विशेषता थी ?

(3) गीत हमें किस तरह प्रेरित करते है ?

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** (2+2+1)

11(i) मीरा ऊँचे-ऊँचे महलों और बीच-बीच में खिड़कियों की कल्पना क्यों करती हैं? 2

(ii) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता की भाषा की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 2

(iii) कंपनी बाग में तोप क्यों रखी गयी है? 1

12 पर्वत प्रदेश में पावस कविता में प्रकृति का मानवीकरण किया गया है। कविता में किए गए मानवीकरण अलंकार के 5



www.jsuniltutorial.weebly.com/

प्रयोग को सोदाहरण समझाइए।

13 हरिहर काका ने ठाकुरबारी जैसी संस्था में ही रहना प्रारंभ कर दिया था जबकि उनका प्रिय स्थान तो उनका अपना घर था; तो क्यों? उनके परिवार के लोगों के व्यवहार के प्रति अपने विचार व्यक्त करके बताइए कि आप उनमें से एक होते तो क्या करते? 5

## खण्ड-घ

## (लेखन)

**दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।**

14(i) प्रात:कालीन भ्रमण 5

- प्रकृति से संपर्क
- शारीरिक व्यायाम
- सेहत के लिए उपयोगी व लाभदायक

(ii) मेरे जीवन का लक्ष्य 5

- लक्ष्य क्या ?
- लक्ष्य क्यों ?
- बनकर क्या करेंगे ?

(iii) **तेते पाँव पसारिए जेती लंबी सौर** 5

- संतोषी जीवन सदा सुखी



www.jsuniltutorial.weebly.com/

- आय के अनुरूप खर्च
- महत्वाकांक्षी जीवन
- लालच और लिप्सा
- महंगाई के तौर में जरूरी

15 आपकी कक्षा में जिन वस्तुओं की आवश्यकता है, उनकी सूची बनाकर प्रधानाचार्य महोदय को प्रार्थना–पत्र के रूप लिखकर प्रस्तुत कीजिए। 5

16 आप जिस सोसाइटी में रहते हैं वहाँ रहने वाले बच्चों से 26 जनवरी 'गणतंत्र दिवस' पर किसी सांस्कृतिक गतिविधि में भाग लेने के लिए आग्रह करते हुए सांस्कृतिक अधिकारी की ओर से सूचना लिखिए। (20 - 30 शब्दों में) 5

17 जलभराव की शिकायत लेकर गए नागरिक और नगरपालिका अध्यक्ष के बीच होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

18 आपका अंग्रेज़ी और हिन्दी दोनों भाषाओं का ज्ञान उच्च कोटि का है। आप अपने भाषा ज्ञान का लाभ उठाकर गर्मियों की छुट्टियों में अर्थोपार्जन करना चाहते है। एक विज्ञापन लगभग 20 - 25 शब्दों में लिखिए। 5

-o0o0o0o-